1	2	3
3.	Baroda	Once 1991
4.	Rajkot	Twice 1990 and 1992
5.	Surat	Once 1991
6.	Nadiad	Once 1992
7.	Bhavnagar	Once 1991
8.	Junagarh	Once 1991
9.	Jamnagar	Once 1991
10.	Bhuj	Twice 1990 - 1991
11.	Bulsar	Once 1991
12.	Mehsana	Once 1991
13.	Bulsar	Once 1989
14.	Bharuch	Not Published
15.	Godhra	Once 1992
16.	Himatnagar	Once 1991
17.	Palanpur	Once 1991
18.	Surendranagar	Once 1991

Telephone Directories could not be published in Bharuch. Ahmedabad Rural and Gandhi-agar due to no contractors forthcoming to point print these directories.

उत्तर प्रदेश में डाकघरों तथा उप-डाकघरों का खोला जाना

2773. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या संचार मंत्री 4 सितंबर, 1991 की राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 499 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कितने गांव, जहां कोई डाकघर/उप-डाकघर नहीं है, और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) उक्त गांवों में डाकघर/उप-डाकघर कब तक खोल दिए जाएंगे ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में 31-3-92 की स्थिति के अनुसार ऐसे गांवों की संख्या 95,382 है जिनमें डाकघर उप डाकघर नहीं हैं। तथापि, डाकघर एक के बाद एक वार्षिक योजनाओं के अन्तर्गत खोले जाते हैं। इनका खोला जाना, इस संबंध में प्राप्त अनुरोध/प्रस्तावों पर तथा निर्धारित मानदंडों के अनुसार औचित्य पर जाने और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और 10 विभागीय उप डाकघर खोलने की योजना बनाई गई है।

उत्तर प्रदेश में टेलीग्राफ सुविधाएं

2774. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे कौन-कौन से स्थान हैं, जहां टेलीग्राफ की सीधी सुविधा उपलब्ध है ;